# सिद्धार्थनगर पुलिस

**प्रेस नोट दिनांक 17.06.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।**

**◆डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना।**

आज दिनांक 17.06.2026 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई किया गया। जनसुनवाई के दौरान कुल 07 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें 02 मारपीट विवाद व 02 पारिवारिक विवाद तथा शेष 03 अन्य से सम्बंधित थे। प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।

# प्रेस नोट दिनांक 17.06.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆आगामी त्यौहार मोहर्रम को सकुशल सम्पन्न कराने एवं जनपद में शान्ति, सुरक्षा, कानून व्यवस्था को बनाये रखने हेतु जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में जनपदीय पीस कमेटी की गोष्ठी का आयोजन किया गया।**

आज दिनांक 17.06.2026 को जनपद सिद्धार्थनगर में स्थित कलक्ट्रेट सभागार कक्ष में शिवशरणप्पा जी एन जिलाधिकारी व डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा आगामी त्यौहार मोहर्रम को सकुशल सम्पन्न कराने, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ रखने तथा शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाये रखने हेतु जनपदीय पीस कमेटी मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों, धर्मगुरूओं, जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों से अपील की गयी कि सभी लोग एक दूसरे के धर्म की भावनाओं का सम्मान करें, जनपद में शांति व्यवस्था बनाये रखें, सामप्रदायिक सौहार्द बिगाड़नें की कोशिश करने वालों/असामाजिक तत्वों/किसी भी प्रकार की आपराधिक, अवांछित गतिविधियों के दिखाई देने पर इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दे। किसी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें बल्कि अफवाहों की पुष्टि उच्चाधिकारियों से करें तथा जिले में सौहार्दपूर्ण वातावरण का माहौल बनाये रखने में पुलिस व प्रशासन का सहयोग करें। साथ ही सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भड़काऊ /गलत /अशोभनीय पोस्ट शेयर न करें तथा ऐसे कमेंट न करें जिससे किसी व्यक्ति/सम्प्रदाय की धार्मिक भावनाएं आहत हों। मीटिंग के दौरान अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक तथा उप जिलाधिकारीगण, क्षेत्राधिकारीगण, प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण सहित पुलिस व प्रशासन के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

**<u>प्रेस नोट दिनांक 17.06.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।</u>**

**◆थाना कठेला समयमाता कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) द्वारा थानाक्षेत्र के वरिष्ठ नागरिको के साथ कम्यूनिटी पुलिसिंग के सम्बन्ध में गोष्ठी की गयी।**

अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर द्वारा चलाये जा रहे कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) अभियान के तहत, डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के पर्यवेक्षण में आज दिनांक 17.06.2026 को अरुण कुमार प्रभारी निरीक्षक कठेला समयमाता के नेतृत्व में थाना कठेला समयमाता कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) द्वारा कम्यूनिटी पुलिसिंग का आयोजन किया गया, गोष्ठी में सदस्यगण, ग्राम प्रधान, वरिष्ठ नागरिक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस गोष्ठी का उद्देश्य पुलिस और स्थानीय समुदाय के बीच सहयोग व सहभागिता से विश्वास कायम करना है। CPU सामुदायिक कल्याण की गतिविधियों के माध्यम से जनता व पुलिस के बीच की दूरी को कम करेगी एवं CPU द्वारा बुजुर्गों से नियमित संपर्क, मदद हेतु सीधा नंबर उपलब्ध कराना, दिव्यांगजनों की सूची बनाकर संवाद, रेलवे स्टेशन/बस स्टैंड पर लावारिस बच्चों व बेसहारा लोगों की मदद, अनाथालय व वृद्धाश्रम में जाकर समस्याएं सुलझाना, मेलों में खोया-पाया केंद्र का संचालन तथा नशा व साइबर अपराध के खिलाफ जागरूकता जैसे कार्य किए जाएंगे। सभी उपस्थित लोगों ने पुलिस का पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया। साथ ही उपस्थित जनों को उच्चाधिकारियों के आदेशों-निर्देशों से भी अवगत कराया गया।

# <u>प्रेस नोट दिनांक 17.06.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।</u>

**◆थाना इटवा कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) द्वारा थानाक्षेत्र के मैना मे वरिष्ठ नागरिको के साथ कम्यूनिटी पुलिसिंग के सम्बन्ध में गोष्ठी की गयी।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा बृद्ध एंव असहाय महिलाओं/पुरुषों के सहायता एंव सुरक्ष में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 17/06/2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी इटवा पवीन प्रकाश तथा प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार मिश्रा थाना इटवा के कुशल नेतृत्व में आज थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर की (c.p.u.) community policing unit , "कम्युनिटी पुलिसिंग यूनिट" के लिए श्री मान जी द्वारा प्रेषित (s.o.p.) "standard operating procedure " ( मानक संचालन प्रक्रिया ) के अंतर्गत अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए थाना इटवा कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट द्वारा अपनी टीम के साथ थाना स्थानीय से प्रस्थान करके ग्राम मैना पहुंचा वृद्ध पुरुषों, महिलाओं, बिकलांग व्यक्तियों व नव युवकों ( किशोरों) की चौपाल लगाई गई, जन जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया! गोष्ठी के दौरान उपस्थित जन समुदाय को कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने, साईबर अपराधों से बचाव,महिला सुरक्षा, बाल अपराधों की रोक थाम, नशा मुक्त होकर देश का सभ्य और सुसंस्कृत नागरिक बनने, यातायात नियमों के पालन तथा सोशल मीडिया पर भ्रामक,अश्लील, आपत्ति जनक पोस्ट न डालने, न शेयर करने के संबंध में जागरूक किया गया! तथा जागरूक होने के उपरांत भी दुर्भाग्य से साईबर अपराध का शिकार हो जाने पर अविलंब साईबर हेल्प लाइन नम्बर 1930 पर अपनी सूचना दर्ज कराने तथा किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधियों, संदिग्ध व्यक्तियों अथवा घटना की सूचना तत्काल पुलिस को देने तथा आपात कालीन सहायता के लिए डायल 112 को सूचना देने व अन्य प्रचलित हेल्प लाइन नम्बरों के संबंध में जानकारी दी गई! बचाव और सतर्कता और जागरूकता ही किसी गंभीर समस्या का इलाज है! तथा 70 वर्ष या उससे अधिक उम्र के व्यक्तियों का नाम पता लिख कर उनसे संवाद स्थापित किया गया तथा टीम का मोबाइल नंबर प्रदान किया गया और उनसे अनुरोध किया गया कि उत्तर प्रदेश पुलिस आप के द्वार हैं तथा आप की सहायता के लिए तत्पर है। सभी ने कुशलता प्रकट की तथा आवश्यकता पड़ने पर फोन करने व संवाद स्थापित करने को कहा तथा उच्चाधिकारियों के इस प्रयोग की सराहना करते हुए लोगों ने बताया कि इस प्रकार धीरे धीरे जनता में पुलिस का विश्वास स्थापित होगा यह प्रयास निरन्तर जारी रहना चाहिये।

**कम्युनिटी पुलिसिंग टीम थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर-**

01.निरी0 संतोष कुमार त्रिपाठी

02.का0 संजीव कुमार

03.का0 रुद्र प्रताप नायक

# <u>प्रेस नोट दिनांक 17.06.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।</u>

**◆“आपरेशन कन्विक्शन” के तहत जिला मानिटरिंग सेल व थाना उसका बाजार पुलिस की प्रभावी पैरवी से गैर इरादतन हत्या के 01 आरोपी को 05 वर्ष के कठोर कारावास व ₹10,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।**

पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा चलाये जा रहे “आपरेशन कन्विक्शन” के तहत डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम मे दिनांक 16.04.2026 को वाद सं0-856/2023 मु0अ0सं0-264/2023 धारा 304 भादवि थाना उसका बाजार में पुलिस की प्रभावी पैरवी पर माननीय न्यायाधीश श्री मोहम्मद रफी, अपर जिला एंव सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-01 जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त बब्लू पुत्र फर्जुवा निवासि दरगवा मुढेरा टीकमगढ़ राज्य मध्यप्रदेश, भारत को 05 वर्ष के कठोर कारावास व ₹10,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, अपर जिला शासकीय अधिवक्ता चन्द्र प्रकाश पाण्डेय तथा न्यायालय पैरोकार मुख्य आरक्षी श्रीनिवास थाना उसका बाजार का सराहनीय योगदान रहा।

## प्रेस नोट दिनांक 17.06.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆थाना इटवा पुलिस द्वारा हत्या के प्रयास के आरोप में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया तथा आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर श्री प्रशान्त कुमार प्रसाद के कुशल पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी इटवा श्री पवीन प्रकाश के निर्देशन मे एवं प्रभारी निरीक्षक इटवा संजय कुमार मिश्र के नेतृत्व में थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-123/2026 धारा-109(1),115(2),352,351(3),333 BNS व 4/25 Arm Act से सम्बन्धित अभियुक्त शमशाद पुत्र हमीदुल्लाह निवासी बढ़या भैसाही थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर को मुखबिर की सूचना पर आज दिनांक 17.06.2026 को थानाक्षेत्र के पिपरा पठान हनुमान मंदिर के पास से गिरफ्तार किया गया तथा आवश्यक विधिक कार्रवाई करने के उपरांत माननीय न्यायालय/जेल भेजा जा रहा है एवं अन्य विधिक कार्रवाई की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण---**

01.शमशाद पुत्र हमीदुल्लाह निवासी बढ़या भैसाही थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण---**

01.उ0नि0 हेमराज वर्मा थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर।

02.हे0का0 उपेन्द्र निषाद थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर।

03.आरक्षी नरेन्द्रदेव चौहान थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर।

# प्रेस नोट दिनांक 17.06.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆जनपद के समस्त थानों पर गठित कम्युनिटी पुलिसिंग यूनिट द्वारा अपने-अपने थानाक्षेत्र के विभिन्न संवेदनशील क्षेत्रों में वृद्धजनों/महिलाओं/अनाथ बच्चों के बीच पहुँचकर उनकी समस्याये सुनकर उसका निराकरण, सहायता एवं मार्गदर्शन प्रदान किया गया तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गयी।**

आज दिनांक 17/06/2026 को श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक के आदेश के क्रम में पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों पर गठित कम्युनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) अपने-अपने थानाक्षेत्र के विभिन्न संवेदनशील क्षेत्रों में भ्रमण कर अनाथ आश्रम, वृद्ध आश्रम, महिलाओं व बच्चों से संबंधित संस्थाओं का भ्रमण किया गया एवं बुजुर्गों, विकलांगो, महिलाओं, अनाथ बच्चों, आदि से संवाद स्थापित कर उनका कुशलक्षेम पूछा गया तथा उनकी समस्याओं को गहनता से सुनकर आवश्यक सहायता एवं मार्गदर्शन प्रदान किया गया तथा साथ ही साथ किसी भी प्रकार की समस्या उत्पीड़न अथवा आपात स्थिति में पुलिस से सम्पर्क करने हेतु प्रेरित किया गया। नशा एवं साइबर अपराध के दृष्टिगत सुरक्षा एवं बचाव हेतु आमजन को जागरुक किया गया। महिला सुरक्षा एवं बाल संरक्षण से संबंधित योजनाओं, मिशन शक्ति अभियान/ बहू बेटी सम्मेलन कार्यक्रम में सहयोग प्रदान करने, स्वच्छ छवि वाले एनजीओ के कार्यक्रमों में सहयोग प्रदान किया गया। इस दौरान जनसामान्य के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर, पुलिस एवं जनता के मध्य विश्वास को और अधिक मजबूत बनाया गया।

## प्रेस नोट दिनांक 17.06.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना मिश्रौलिया मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम मधवापुर की महिलाओं/बालिकाओं को महिला अपराध, गुड टच, बैड टच व साइबर अपराध सुरक्षा के संबंध मे जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 17.06.2026 को प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के निर्देशन व पवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी इटवा के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार श्रीवास्तव के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना मिश्रौलिया मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम मधवापुर की महिलाओं/बालिकाओं को महिला अपराध, गुड टच, बैड टच व साइबर अपराध सुरक्षा के संबंध मे जागरूक किया गया । तथा मिशन शक्ति फेज 05 (द्वितीय चरण) कार्यक्रम, महिला सशक्तिकरण,एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों-112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 101अग्निशमन सेवा आदि के बारे में जागरूक किया गया।

**मिशन शक्ति टीम थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर-**

01.उ0नि0 गोरखनाथ

02.रि0म0आ0 आरती

# प्रेस नोट दिनांक 17.06.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना गोल्हौरा मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम सेखुईया में महिलाओं/बलिकाओं को मिशन शक्ति अभियान, नये कानून, साइबर अपराध सुरक्षा व एंटी रोमियो अभियान के तहत जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 17.06.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी इटवा पवीन प्रकाश के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष रामदेव के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना गोल्हौरा मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम सेखुईया में महिला सम्बन्धित विभिन्न सरकारी योजनाओं- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बहू सम्मेलन अभियान, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष,नारी शक्ति वंदन अधिनियम,मातृ शक्ति को सम्बल,निराश्रित महिला पेंशन योजना,मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि विभिन्न सरकारी योजनाओं से अवगत कराया गया तथा मिशन शक्ति फेज 05 (द्वितीय चरण) कार्यक्रम, महिला सशक्तिकरण,एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों-112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 101अग्निशमन सेवा आदि के बारे मंस जागरूक किया गया।

**मिशन शक्ति टीम थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर -**

01.उ0नि0 दीनदयाल सिंह

02.मु0आ0 विनोद कुमार

03.म0आ0 बबिता सिंह

## प्रेस नोट दिनांक 17.06.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण के तहत थाना इटवा मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम सेमरी ख़ानकोट में महिला अपराध व उससे बचाव तथा साइबर अपराध सुरक्षा व विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों आदि के बारे में पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 17.06.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में, क्षेत्राधिकारी इटवा पवीन प्रकाश के निर्देशन में तथा प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार मिश्रा थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण के तहत थाना क्षेत्र के ग्राम सेमरी ख़ानकोट में बालिकाओं/महिलाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही महिला सम्बन्धित विभिन्न सरकारी योजनाओं- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बहू सम्मेलन अभियान, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मीबाई बाल एवं महिला सम्मान कोष, नारी शक्ति वंदन अधिनियम, मातृ शक्ति को सम्बल, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि अन्य योजनाओ से संबंधी जानकारी को बताया गया। तथा महिला संबंधी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन नम्बरों- 1090 वुमेन पावर लाइन,181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन,112 पुलिस हेल्प लाइन,1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101अग्निशमन हेल्प लाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर के बारे में जानकारी दी गई तथा पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया गया।

**मिशन शक्ति टीम थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर -**

01.नि0 संतोष कुमार त्रिपाठी

02.उ0नि0 राजेन्द्र कुमार शाही

03.का0 रुद्र प्रताप नायक

04.का0 संजीव कुमार

05.रि0म0का0 रीता मौर्या

06.रि0आ0 उदयभान

## प्रेस नोट दिनांक 17.06.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना शिवनगर डिड़ई मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम सिकटा की महिलाओं को मिशन शक्ति अभियान, नये कानून, साइबर अपराध सुरक्षा व एंटी रोमियो अभियान के तहत जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 17.06.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी बांसी शुबेंदु सिंह के पर्यवेक्षण तथा थाना प्रभारी बृजेश सिंह के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम ग्राम सिकटा की महिलाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही महिला सम्बन्धित विभिन्न सरकारी योजनाओं-प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बहू सम्मेलन अभियान, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष,नारी शक्ति वंदन अधिनियम,मातृ शक्ति को सम्बल,निराश्रित महिला पेंशन योजना,मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि विभिन्न सरकारी योजनाओ से अवगत कराया गया। मिशन शक्ति फेज 05 (द्वितीय चरण) कार्यक्रम, महिला सशक्तिकरण,एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों-112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 101अग्निशमन सेवा आदि के बारे में जागरूक किया गया।

**मिशन शक्ति टीम थाना शिवनगर डिड़ई जनपद सिद्धार्थनगर-**

01.उ0नि0 अयोध्या यादव

02.का0 प्रमोद यादव

03.म0का0 शालिनी वर्मा

# प्रेस नोट दिनांक 17.06.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 (द्वितीय चरण) के तहत थाना उसका बाजार मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम खजूरिया की महिलाओं/बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान, नये कानून, साइबर अपराध सुरक्षा व एंटी रोमियो अभियान के तहत जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 17.06.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन व सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत सौरयान के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना उसका बाजार मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम खजूरिया की महिलाओं/बालिकाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही महिला सम्बन्धित विभिन्न सरकारी योजनाओं- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बहू सम्मेलन अभियान, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष,नारी शक्ति वंदन अधिनियम,मातृ शक्ति को सम्बल,निराश्रित महिला पेंशन योजना,मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि विभिन्न सरकारी योजनाओं से अवगत कराया गया तथा मिशन शक्ति फेज 05 (द्वितीय चरण) कार्यक्रम, महिला सशक्तिकरण,एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न कल्याणकारी हेल्पलाइन नंबरों-112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 101अग्निशमन सेवा आदि के बारे में जागरूक किया गया।

**मिशन शक्ति टीम थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर-**

01.उ0नि0 जयप्रकाश पाण्डेय

02.हे0का0 अनिल चौहान

03.म0का0 प्रिया सिंह

04.रि0म0का0 अंशु शुक्ला

## प्रेस नोट दिनांक 17.06.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆ **मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना लोटन पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम सिंगरहा की महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा, मिशन शक्ति अभियान, नये कानून, साइबर अपराध सुरक्षा व एंटी रोमियो अभियान के तहत जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 17.06.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत सौरयान के कुशल निर्देशन तथा थानाध्यक्ष लोटन हरिओम कुशवाहा के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में ग्राम सिंगरहा की महिलाओं/बालिकाओं को मिशन शक्ति के तहत सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं-प्रधानमंत्री मातृ वंदना, योजना व बहू सम्मेलन अभियान,मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना,रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष,नारी शक्ति वंदन अधिनियम,मातृ शक्ति को सम्बल निराश्रित महिला पेंशन योजना,मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि विभिन्न सरकारी योजनाओ से अवगत कराया गया। तथा मिशन शक्ति फेज 05 (द्वितीय चरण) कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत महिला सम्बन्धित अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्पलाइन नंबरों- 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर, व नए कानून के बारे में जानकारी दी गई व नई धाराओं को भी बताया गया।

**मिशन शक्ति टीम थाना लोटन जनपद सिद्धार्थनगर-**

01.का0 शिवपाल सिंह यादव

02.म0का0 नेहा तिवारी

# प्रेस नोट दिनांक 17.06.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा पुलिस लाइन सभागार कक्ष में की गयी अपराध गोष्ठी।

◆अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियन्त्रण, आगामी त्यौहार मोहर्रम के दृष्टिगत शान्ति-व्यवस्था बनाये रखने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा आज दिनांक 17.06.2026 को पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में अपराध गोष्ठी किया गया। अपराध गोष्ठी की शुरुआत जीरो फैटलिटी डिस्ट्रिक्ट(ZFD) के प्रजनटेशन से हुआ। तत्पश्वात महोदय द्वारा आगामी त्यौहार मोहर्रम के दृष्टिगत कृत कार्यवाही की समीक्षा तथा शहर व ग्रामीण इलाकों में पैदल गश्त, साइबर अपराध के रोकथाम सम्बन्धी प्रचार-प्रसार, आपरेशन कन्विक्शन के तहत चिह्नित अभियोगों की समीक्षा, सम्पत्ति व महिला उत्पीड़न सम्बन्धित पंजीकृत अभियोगों में कृत कार्यवाही, गुमशुदा/लापता व बरामदगी हेतु शेष बच्चो की बरामदगी के सम्बन्ध में की गयी कार्यवाही तथा लम्बित मुकदमों में एकत्रित साक्ष्य एवं गुण-दोष के आधार पर विवेचनाओं का निस्तारण एवं अभियुक्तों के प्रति वैधानिक कार्यवाही गुण्डा अधिनियम, गैंगेस्टर अधिनियम के अन्तर्गत अभियान चलाकर निरोधात्मक कार्यवाही किये जाने व गैगेस्टर अधिनियम के अन्तर्गत की गयी कार्यवाही तथा बीपीओ द्वारा अंकित कराये गये बीट सूचना की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त महोदय द्वारा IGRS, CCTNS के सम्बन्ध में मुख्यालय द्वारा जारी रैकिंग की समीक्षा कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये तथा आई0जी0आर0एस0 व NCRP प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण आदि बिन्दुओ की समीक्षा कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

उक्त गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारीगण, प्रभारी अग्नि शमन, अभियोजन अधिकारी, प्रभारी प्रतिसार निरीक्षक, निरीक्षक प्रज्ञान शाखा, निरीक्षक रेडियो शाखा, समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष, आशुलिपिक पुलिस अधीक्षक, वाचक पुलिस अधीक्षक, प्रभारी यू0पी0-112, समस्त शाखा प्रभारी व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# प्रेस नोट दिनांक 17.06.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार मोहर्रम व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रो में पैदल गश्त/चेकिंग किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में आज दिनांक 17.06.2026 को प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी, समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा जनपद में आगामी त्यौहार मोहर्रम व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने सर्किल, थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले चिह्नित हॉट स्पॉट पर एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों में पैदल गश्त/चेकिंग किया जा रहा है तथा आम जनमानस मे सुरक्षा का एहसास कराते हुये आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी।